हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जुलाई 2024

11 समाधान शिविर में आई सभी शिकायतों का मौके पर ...

12 7 दिन में सिर्फ आधे ही छात्रों की ऑनलाइन फीस जमा हुई

SELECTIONS - 2024
NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE
YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका
SUPERB 100
IIT/NEET/CA/CLAT
Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

i CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगीः-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

Class	Name	Father's Name	Address	Previous School
9th	Ishika	Anil	Sain Chowk	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Anvi	Prashant	Jakhrana	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Nancy	Devender	Rasuli	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari
9th	Avi	Sushil	Bashipur	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Saksham	Randheer	Neepur	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Sandhya	Bharat Singh	Khera	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh
9th	Khushwinder	Amit	Narnaul	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Riya Bhardwaj	Roshanlal	Bapora	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu
9th	Janvi	Dodram	Narnaul	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
9th	Priyanshi	Jitender	Asadpur	Rishi Public School, Rewari
12th	Himanshu	Ramesh Kumar	Patikara	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul
12th	Prachi	Ved Parkash	Uttam Nagar	Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES
Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 | Satnali: 9812330666 | Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES
यदुवंशी कॉलेज
CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE

हर बार यदुवंशी सबसे आगे

तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
शिवानी पुत्री
श्री निरंजन सिंह
98.60 %

भारती पुत्री
श्री शिव कुमार
98.40%

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

79 Students Above 90%
149 Students Above 85%
241 Students Above 80%
351 Students Above 75%
473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered
B.Sc.(HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
B.A., B.A.(HONS) ENGLISH, BBA, BCA
M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam
IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC

B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech Polytech. ITI

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

1st Position	2nd Position	3rd Position	4th Position	5th Position	6th Position	7th Position	8th Position	9th Position	10th Position
15	13	12	12	11	15	12	9	12	12

मैरिट 123 सबसे अधिक

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Rewari Road, Narnaul
8607052323 I 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Mahendergarh
8607062323 I 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE
Thanwas, N. Chaudhary
8607052424

TECHNICAL COLLEGES
Narnaul - 8607052323
Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES
Narnaul - 8222852523
Sohali - 9991904068
Dhani Mahu - 8949371674
M.Garh - 7056720275
Ch. Dadri - 7027135135

खबर संक्षेप

दो लोगों पर हमला करने का आरोप, केस दर्ज

लोहारू। उपमंडल के गांव अहमदवास में एक व्यक्ति ने दो लोगों पर हमला कर कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिस पर लोहारू पुलिस ने दो लोगों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में राजस्थान के झुंझुनू जिला निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि उसके बेटे का विवाह करीब सात वर्ष पहले विवाह अहमदवास में हुआ था तथा जिनका एक वर्ष से तलाक का केस भी चल रहा था।

ठगी के मामले में आरोपी ने लौटाया मोबाइल फोन

लोहारू। दो दिन पहले लोहारू में मोबाइल शॉप मालिक से मोबाइल खरीद के नाम पर की गई करीब 61 हजार रुपये से अधिक की ठगी के मामले में आरोपी युवक ने दुकानदार को मोबाइल वापिस लौटा दिए और मामला रफा दफा कर दिया गया। सोशल मीडिया के साथ साथ समाचारों पत्रों की सुर्खियां बना लोहारू में एक मोबाइल शॉप मालिक से मोबाइल खरीद के नाम पर हुआ 61500 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला मंगलवार को रफा दफा हो गया तथा थाना प्रभारी मदन कुमार के अनुसार आरोपी युवक ने मोबाइल वापिस लौटा दिए।

बढ़ाई गई दाखिला फीस को वापस लें : कमल

भिवानी। एक तरफ तो भाजपा सरकार प्रदेश व देश को शिक्षा का हब बनाने का झुठा वायदा कर ही है वहीं दूसरी तरफ कॉलेजों में दाखिला फीस बढ़ा कर छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। यह युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात युवा कल्याण संगठन के संयोजक कमल सिंह प्रधान व छात्र संघर्ष समिति के पूर्व प्रधान जितेन्द्र भोलू ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में बढ़ाई गई दाखिला फीस को वापस लिया जाए अन्यथा वे कॉलेज प्रशासन, जिला प्रशासन व सरकार के खिलाफ छात्रों के साथ मिलकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

हादसा हुआ तो जिम्मेदार होंगे संबंधित अधिकारी

चरखी दादरी। किसी भी विभाग की गलती के कारण अगर कोई हादसा होता है तो उसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी ही जिम्मेदार होंगे। ऐसे में संबंधित विभाग सड़कों, नालों, नहरों, गलियों और बिजली की तार आदि को तुरंत ठीक करवाएं। उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर में आई शिकायतों की सुनवाई के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना विभागों की जिम्मेदारी बनती है। नागरिकों को अच्छी सड़क, स्वच्छ पेयजल, बिजली आपूर्ति आदि समय पर और सही हालत में मिलनी चाहिएं।

शारीरिक शिक्षक सहायक करेंगे प्रदर्शन

भिवानी। पिछले लंबे समय तक अपनी बहाली की मांग को लेकर सरकार से लड़ाई लड़ने वाले शारीरिक शिक्षक सहायक अब एक बार से सरकार के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकने की तैयारी में है। जिसके तहत हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले 10 जुलाई से प्रदेश भर के मंत्रियों व विधायकों को मांगपत्र सौंपे जाएंगे तथा शारीरिक शिक्षक सहायकों की लंबित मांगों को एक बार फिर से सरकार तक पहुंचाया जाएंगा। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला प्रधान दिलबाग जांगड़ा पीटीआई ने बताया कि उन्होंने अपनी बहाली की मांग को लेकर सरकार से करीबन 3 साल तक लड़ाई लड़ीए जिसके बाद सरकार ने थक.हारकर उन्हे शारीरिक शिक्षक सहायकों के पद पर बहाल तो कियाए लेकिन बहुत सी खामियां छोड़ दी, जिसके चलते अब वे दर.दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक 11 साल से सरकार की सेवा में है लेकिन उन्हें आज तक पक्का किया नहीं किया गया, जबकि सरकार ने 7 वर्ष तक कार्यरत्त कर्मचारियों को पक्का करने की पॉलिसी बनाई है।

मांगों को लेकर गरजे कर्मचारी, धरना दिया

कर्मचारियों की दुर्घटना मृत्यु पर 30 लाख आर्थिक अनुदान मांगा

संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ 23 सूत्री मांगों का मांग पत्र जिला उपयुक्त के माध्यम से सरकार को भेजागा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा अपनी 23 सूत्री मांगों का मांग पत्र जिला उपयुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा, इस विषय में जिले में कार्यरत सभी 11 ब्रांचो के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार टोनी के नेतृत्व में भिवानी जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के सर्कल के प्रांगण में एकत्रित हुए मंच का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष व जिला सचिव श्री भगवान अलावत ने किया मंगलवार को रोष प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश ऑडिटर जय भगवान पांचाल प्रदेश उप प्रधान दलबीर सैनी प्रांतीय प्रधान राकेश कुमार जय भगवान जांगड़ा दलवीर सायोरान राजकुमार सेन हरकेश करण सिंह लांबा सरजीत खेड़ा पूर्व प्रांतीय मुख्य सलाहकार लीलाराम कौशिकपुरुषोत्तम कौशिक ने विशेष रूप से शिरकत की प्रदेश ऑडिटर जय भगवान पांचाल व प्रदेश अपप्रधान दलवीर सैनी ने उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया कि सरकार को बार.बार मांग पत्र देने के उपरांत भी कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ, जिससे कर्मचारी वर्ग में बहुत भारी रोष व्याप्त है पूर्व प्रांतीय मुख्य सलाहकार व जिला प्रधान सुरेंद्र टोनी ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को बताया कि विभागीय मंत्री व अधिकारियों के मिलने के पश्चात भी कर्मचारियों की जायज मांगों का कोई समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके फल स्वरुपपूरे प्रदेश में संगठन ने 8 जुलाई 2024 से 26 जुलाई 2024 तक जिला उपायुक्त मोदी के माध्यम से मुख्यमंत्री है सरकार को मांग पत्र भिजवाया जाएगा और मुख्यमंत्री से अनुरोध भी किया की मांगों के समाधान के लिए संगठन को वार्तालाप का समय दिया जाए मुख्य मांगे एक विभाग में सभी कार्यरत सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए केंद्र के समान सभी वेतनमान भत्ते लागू किए जाएं पुरानी पेंशन भाल की जाए कर्मचारियों के मेडिकल कैशलेस की सुविधा पूरी तरह लागू की जाए पीडब्ल्यूडी के तीनों भागों में कर्मचारियों की दुर्घटना मृत्यु पर 30 लख रुपए का आर्थिक अनुदान आश्रितों को नौकरी दिलवाई जाए इसी तरह 23 सूत्रीय मांग पत्र है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उप प्रधान सुरेश कौशिक जिला कोषाध्यक्ष रिंकू यादव जिला परेश सचिव अमित जांगरा जिला कार्यालय सचिव चांदीराम शहरी ब्रांच से प्रधान जय किशन शर्मा सचिव विजेंद्र परमार कोषाध्यक्ष सुखबीर गुर्जर राधेश्याम रविंद्र शर्मा विनोद शर्मा फील्ड ब्रांच से प्रधान आनंद श्योराण सचिव सुरेंद्र अत्री विजय कुमार राजेंद्र राजवीर कटारिया अमित तोसाम ब्रांच से संदीप गोड धर्मवीर जांगड़ा उमेद शिवानी ब्रांच से नितेश,बलवंत लोहारू से आजाद ,उपेंद्र ,रामविलास, सतवीर बवानी खेड़ा से, राजेंद्र जाखड़, राजेश, सज्जन, राकेश करू से ,जगदीश शर्मा ,नरेंद्र, सोनू वर्मा ,रतीभान बहल से, रोहतास फौजी, प्रदीप जैन कुमार बी एंड आर तोशाम से, प्रदीप कुमार ,अंकित बल्हारा, कृष्ण कुमार फौजी बी एंड आरसिविल भिवानी, जयवीर सिंह, नसीब कुमार ,कर्नल बागड़ी सिंचाई शाखा सोरखी से मनोज आदि मौजूद थे।

क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाकार ओबीसी वर्ग को दी सौगात: कांबोज

- कर्णदेव कांबोज ने 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में हो रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में पहुंचने का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच संचालन ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री राजकुमार सैनी, सरपंच संदीप ने किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, ओबीसी मोर्चा भिवानी प्रभारी व दादरी नगर परिषद चेयरमैन बख्शी सैनी, प्रदेश सचिव अशोक स्वामी मंच पर मौजूद रहे। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा ने राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि पूर्व मंत्री एवम भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने कहा कि क्रीमिलेयर की आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करना नायब सरकार की पिछड़ा वर्ग को नायाब सौगात है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की वर्षों पुरानी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 23 जून को मंजूर कर ओबीसी वर्ग का दिल जीत लिया है इसके लिए आज इस जिला कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया है। कांबोज ने कहा कि 23 जून को मुख्यमंत्री ने जहां क्रीमिलेयर लेयर की आय सीमा बढ़ाई वहीं विशेष भर्ती अभियान द्वारा ओबीसी श्रेणी की रिक्त पड़ी सीटों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा की है। कांबोज ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने ओबीसी वर्ग के छात्रों को 12 हजार से 20 हजार रूपये की छात्रवृति देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि राज्य की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के सौंदर्यकरण एवम नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आंबटित कर सबका साथ, सबका विकास को सार्थक किया है। ओबीसी मोर्चा की विस्तारित जिला कार्यकारिणी में ध्वनि मत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया कि उन्होंने हरियाणा प्रदेश में ओबीसी वर्ग से एक कर्मठ कार्यकर्ता को प्रदेश का मुख्यमंत्री नामित किया। मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कांबोज ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, मेडिकल शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण, केंद्रीय विद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, लॉ विश्वविद्यालय में ओबीसी वर्ग के छात्रों को 27 प्रतिशत आरक्षण, विश्वकर्मा योजना आदि कार्य कर मोदी ने पिछड़ा वर्ग का दिल जीत लिया है। जिससे और भी ज्यादा पिछड़ा वर्ग के लोग भाजपा से जुड़े हैं।

लोगों को योजनाओं की जानकारी दें

कांबोज ने कहा कि प्रदेश का आम चुनाव में समय नहीं बचा है इसलिए सभी कार्यकर्ता प्रदेश एवम केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर बताएं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र एवम प्रदेश सरकार को बनाने में ओबीसी वर्ग का अहम योगदान है। गत लोक सभा चुनाव में भी पिछड़ा वर्ग के लोगों ने भाजपा को भरपूर मात्रा में वोट करके तीसरी बार केंद्र में भाजपा की मोदी के केंद्र में सरकार बनाने में मदद की है। उन्होंने 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ में हो रहे प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया। विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव अशोक स्वामी, महामंत्री राजकुमार सैनी एवम संदीप सरपंच, अमित जांगड़ा, जयकिशन सैन,कुलदीप वर्मा, राजेंद्र सरपंच आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जाएगा 3 लाख का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। जिसके तहत बैंको के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का ण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जिला दादरी के लिए 2024 .2025 में 44 केसो का लक्ष्य रखा गया है। जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी हैं और जिनकी वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम है वे महिलाएं इस योजना के पात्र है। ऋण के लिए आवेदक के समय पर महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन वर्षोंर् तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी। हरियाणा महिला विकास निगम की योजना में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटे सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीकल, ई. रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत टेलरिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर आदि का काम शुरू कर सकती हैं।

बडौली की नियुक्ति पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

चरखी दादरी। मोहन लाल की नियुक्ति पर मिठाई बांटते भाजपा पदाधिकारी।

मोहन लाल बडौली के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर जिला उपाध्यक्ष राजेश बंटी के कार्यालय में मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बंटी ने कहा कि मोहनलाल बडौली के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी। उनका लंबा अनुभव आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा देगा।

उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मोहन लाल की नियुक्ति संगठन का सराहनीय निर्णय है। राजेश बंटी ने कहा कि आज भी प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का मजबूत संगठन है। अब मोहन लाल बडौली के नेतृत्व में बूथ स्तर तक सरकार की नीतियों को पहुंचने का काम करेगा। राजेश बंटी ने मोहनलाल बडौली की नियुक्ति पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डाए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ संजीव मडिया, वितिन सांगवान , प्रदीप जोशी, इंद्र फौगाट, हनुमान प्रसाद , रमेश जांगड़ा , सुमित जांगड़ा, रविन्द्र, मनजीत सांगवान, मुरारी लाल, विजय कौशिक सहित इत्यादि उपस्थित थे।

दादरी में कांग्रेस का बढ़ा ग्राफ विधानसभा चुनाव में जीत पक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनना तय

कांग्रेस नेता डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी तेजी से उभर रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में पांच सीट जीतकर साबित कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। वहीं चरखी दादरी में पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और कांग्रेस प्रत्याशी को यहां से 5 हजार वोटों की लीड देकर साबित कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में दादरी से कांग्रेस का विधायक चुना जाना निश्चित हैं। मनीषा सांगवान ने कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने दादरी विधानसभा क्षेत्र से करीब 40 हजार वोटों से बढ़त हासिल की थी, लेकिन इस चुनाव में कांग्रेसी नेताओं ने एकजुटता व अनुशासन दिखाते हुए लोगों तक पहुंचे और कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की। उसी का परिणाम है कि यहां कांग्रेस का ग्राफ तेजी से बढ़ा और कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार को 5 हजार वोटों से बढ़त मिली। ये बढ़त कई मायनों में खास हैं और इस बात की ओर स्पष्ट संकेत कर रही है कि दादरी से आने वाला विधायक कांग्रेस पार्टी का होगा।

कांग्रेस की झूठ हुई बेनकाब : परमार

- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 साल में ऐतिहासिक निर्णय लिए
- कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा के चुनाव में लोगों को भ्रमित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षोंर् में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए तथा अंत्योदय को समर्पित योजनाओं का क्त्रियान्वयन धरातल पर केंद्र व हरियाणा में किया गया। ये विचार भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार ने प्रेस को जारी बयान के माध्यम से व्यक्त किए। परमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा के चुनाव में लोगों को भ्रमित किया ,झूठे सब्ज बाग महिलाओं को दिखाए कि महिलाओं के खाते में 8500 रुपए खटाखट . खटाखट आएंगे। लेकिन देश की जनता ने कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करते हुए फिर से देश में मोदी के रूप में कमल खिलाकर व एनडीए की सरकार बनाकर कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब दिया है। परमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये झूठ भी अब बेनकाब हो चुका है की भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई तो संविधान को बदल देगी, आरक्षण को खत्म कर देगी लेकिन प्रधानमंत्री जी ने 10 सालों में जिस तरह से संविधान सम्मत फैसले लेकर और तीसरी बार सरकार बनाकर संविधान को नमन करते हुए देश की सबसे बड़ी पंचायत में यह दिखा दिया कि केवल भारतीय जनता पार्टी ही बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार कर सकती है, और गरीबों, पिछड़ों और दलितों के हित में फैसले लेकर उनको लागू कर सकती है।

प्रचार में कलाकारों ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

चरखी दादरी। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला के विभिन्न गांवों में पर्यावरण जागरूकता को लेकर प्रस्तुति दी गई। इसमें ग्रामवासियों को वन विभाग की योजनाओं का लाभ उठाते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण जागरूकता को लेकर दिए गए इस कार्यक्त्रम में कलाकारों ने बताया कि बूढ़े हो चुके पेड़ भी हमारी अमूल्य प्राकृतिक संपदा है। हरियाणा सरकार ने अब 75 साल पुराने वृक्षों के लिए पेंशन स्कीम शुरू की है। पुराने पेड़ों के मालिक वन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करवाएं।

मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

- मेडिकल कालेज का निर्माण और औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना करने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

चरखी दादरी। सीएम नायब सिंह सैनी को मांग पत्र देते सरपंच।

दादरी जिले के दर्जनभर गांव के सरपंचों ने सुनील शर्मा डूडीवाला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। सुनील डूडीवाला ने बताया कि परिवार मिलन समारोह में बौंद को उपमंडल बनाना, क्षेत्र में पीने का पानी की कमी, सिंचाई के लिए नहरी पानी, सड़कों, दादरी से बौंद सड़क निर्माण से संबंधित, बिजली और सांवड़ में इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की मांग से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को सुना और सभी पर प्राथमिकता से अमल करने का आश्वासन दिया। सुनील डूडीवाला ने बताया कि 2016 में दादरी जिला बना था, लेकिन अब तक यहां पर बड़े संस्थान एवं इंडस्ट्रीज की स्थापना किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दादरी के लिए 3 मुख्य परियोजनाओं पर काम किया। जिला कारागार का निर्माण मेडिकल कालेज का निर्माण और औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के प्रयास। हरियाणा सरकार की ई.भूमि पोर्टल के माध्यम से पूरे प्रदेश में परियोजनाओं के लिए जमीन सीधे भूमि मालिक से खरीदी गई।

आधार कार्ड में आई समस्याओं का किया जाएगा समाधान: भावना गर्ग

यूआईडीएआई की उप निदेशक ने किया निरीक्षण

- आधार कार्ड में जन्म तिथि, फोटो, फिंगर प्रिंट, पता व मोबाइल नंबर बदलने पर तुंरत अपडेट करवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी। आधार केंद्र का निरीक्षण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

यूआईडीएआई की उप निदेशक भावना गर्ग ने लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आधार व सीएससी सेंटर सीएससी पर दी जा रही सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया और जरूरी दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी हर्षित कुमार भी मौजूद रहें। निरीक्षण के दौरान यूआइडीएआई उप निदेशक भावना गर्ग ने आधार सेंटर प्रबंधक को निर्देश दिए कि आधार कार्ड में कोई भी अपडेट का आवेदन होता है तो उसको तुरंत ठीक किया जाए ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं और यदि आधार कार्ड के अपडेटिंग में कोई समस्या आती है तो तुरंत उसके संज्ञान में लाया जाए ताकि समय पर समस्या का समाधान किया जा सकें। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड में जन्म तिथि, फोटो, फिंगर प्रिंट, पता व मोबाइल नंबर बदलने पर इनको तुंरत अपडेट करवा लेना चाहिए।

आधार कार्ड अहम दस्तावेज

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में आधार कार्ड एक अहम दस्तावेज है। अगर आधार कार्ड में कोई गलती नहीं है तो उसकों सरकार द्वारा दी जा रही सभी सेवाओं व योजनाओं का आर्थिक लाभ लेने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। 5 से 15 साल के बीच आधार कार्ड को अपडेट जरूर करवा लेना चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान उप निदेशक ने आधार कार्ड अपडेट करवाने आए आमजनों से भी बातचीत की।वहां पर मौजूद लोगों से आधार कार्ड केंद्र पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। साथ ही वहां पर नियुक्त कर्मचारियों को आधार कार्ड में किसी तरह की कोई गलती न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों की आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। ताकि आधार कार्ड अपडेट के लिए लोगों को चक्कर न काटने पड़े। इस दौरान आधार के प्रबंधक संजय कामरा, रमन कौशिक सहित क्त्रीड के प्रबंधक मौजूद थे।

श्रीमती उत्तमी बाई विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- नौंवी से बारहवीं तक की छात्राओं ने दिए भाषण

नया बाजार स्थित श्रीमती उत्तमी बाई आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि अखिल भारतीय परिषद की उपाध्यक्ष व प्रो. इन्दु, जिला संयोजक सचिन शोखावत व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के इकाई उपाध्यक्ष प्रियंकल शर्मा मौजूद रहे। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर कक्षा नौंवी से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए विभिन्न विषयों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परए पर्यावरण संरक्षण, सोशल मीडिया व राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी की भूमिका आदि विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं की छात्रा तन्वी ने प्रथम, कक्षा नौंवी की उपासना ने द्वितीय, कक्षा बारहवीं की दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका सविता व बबीता ने निभाई। विजेता छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्रो. इन्दु ने छात्राओं को अखिल भारतीय परिषद की स्थापना व कायोंर् पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के साथ.साथ उनके स्वांर्गीण विकास पर भी बल दिया जाना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय.समय पर होती रहनी चाहिए।

खबर संक्षेप

भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से बातचीत करते भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि।

भाजपा नेता ने ग्रामीणों से किया जनसंवाद

भिवानी। भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 10 वर्ष के शासनकाल के दौरान प्रत्येक वर्ग को समान रू से लाभांवित करने का काम किया है, जबकि पहले की सरकारों में सिर्फ भाई.भतीजावाद को ही सवारे्परि रखा जाता था। जयसिंह वाल्मीकि बवानीखेड़ा हल्के के पूर, सिवाड़ा, जाटू लोहारी व तिगड़ाना गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की विकास नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया।

आपातकाल सत्याग्रहियों की पेंशन में सरकार ने की वृद्धि

भिवानी। सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन.1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन एक जुलाई 2024 से लागू होगी। कार्यवाहक डीसी एवं एडीसी हर्षित कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई, 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10000 रुपए से बढकऱ 20000 रुपए हो जाएगी।

बवानीखेड़ा। गांव रतेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में मैरिट प्राप्त बच्चों के सम्मान में कार्यक्रम में सम्मानित कर पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए।

बच्चों को सम्मानित कर किया पौधारोपण

बवानीखेड़ा। गांव रतेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में मैरिट प्राप्त बच्चों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया जसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में गांव के पूर्व सरपंच चेतन प्रकाश, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीसी संदीप गठवाल, प्रवीण कुमार, बलराज चौहान, राजकुमार, मोनू गोयत, दीपक कुमार, मनवीर जाखड, हेमंत कौशिक, डॉ. प्रदीप आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय प्राचार्या बिंदू सिंधु, अजय कुमार व स्टाफ ने मिलकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक कच्चे को एक.एक पौध भेंट करके इसे लगाकर सींचने के लिए प्रेरित किया।

प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविरों का फरियादियों को मिल रहा लाभ

समाधान शिविर में आई सभी शिकायतों का मौके पर किया निपटारा: एसडीएम

कहा: आमजन की शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार नियमित रूप से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज मंगलवार को उपमंडल परिसर स्थित कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम मनोज कुमार दलाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां शिविर में आई आमजन की पांच शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बुढापा पेंशन, बिजली, पानी आदि आई विभिन्न समस्याओं को लेकर त्वरित समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्त्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों पर प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किए जा रहे। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

भिवानी। लोगों की शिकायतों का निपटारा करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

प्रशासन का सराहनीय कदम :रोशनी देवी

उपमंडल के गांव संडवा निवासी रोशनी देवी ने बताया कि सरकार द्वारा समाधान शिविर के जरिए लोगों का एक छत के नीचे ही जो शिकायती सुनकर उनका तुरंत समाधान किया जाता है। यह सरकार और प्रशासन का बहुत ही अनूठा और सहरानीय कदम है। उन्होंने इस कार्य पर संतुष्टि जागते हुए कहा कि मेरी वृद्धावस्था पेंशन की तकनीकी कमी के कारण नहीं मिल रही थी। जो आज तुरंत एक मिनट में ही चालू कर दी गई और मेरे पास मोबाइल फोन में मैसेज आते ही मेरा काम हो गया। इसके लिए मैं प्रदेश सरकार और एसडीएम मनोज कुमार दलाल का धन्यवाद करती हूं। वही सांडवा निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि सरकार का समाधान शिवर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। यह एक बहुत ही सराहनीय कदम है। उप मंडल तोशाम के तमाम प्रशासनिक अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से कर रहे हैं और लोगों की अधिक से अधिक समस्याओं का निदान कर रहे हैं।

समाधान शिविर में आने वाली शिकायत का प्रकोष्ठ द्वारा किया जाता है समाधान

भिवानी। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस को समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में समाधान प्रकोष्ठ द्वारा लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी जाती है और उनका त्वरित समाधान किया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम हरबीर सिंह, नगराधीश विपिन कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर रमेश चंद्र ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों की 52 समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में समाधान प्रकोष्ठ के समक्ष आने वाली प्रत्येक शिकायता का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में शिविरों का आयोजन करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रत्येक कार्य दिवस को जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में उपमंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व अनेक फरियादी मौजूद थे।

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम के दौरान पौधारोपित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

पर्यावरण संरक्षण में सभी को देना चाहिए योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देश भर में बढ़ते पर्यावरणीय संकट ने हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हम अपने भविष्य को कैसे सुरक्षित कर सकते हैं। पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कहना था पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला व सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट राजेश जांगडा का आज महम रोड जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा पूर्व सरपंच बजीना पिंकी देवी के पुत्र हिमांशु जांगड़ा के 16वे जन्मदिन के उपलक्ष में 16 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल हमारे पर्यावरण को सुधारते हैं, बल्कि पेड़ों के आस.पास का क्षेत्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह तनाव को कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। लगाओ, पर्यावरण बचाओ सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि यह हमारे अस्तित्व के लिए एक अनिवार्य पहल है। यदि हम सभी मिलकर इस दिशा में कदम उठाएं, तो हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए हिमांशु जांगड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 16 पौधे लगाए। यह आयोजन विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि यह संस्था की ओर से प्रकृति और समाज के प्रति एक सकारात्मक पहल है। संस्था के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा, प्रत्येक पौधा हमारे भविष्य के लिए एक वादा है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। हिमांशु जांगड़ा ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में और अधिक पौधे लगाने की योजना बनाई। इस कार्यक्रम में समुदाय के लोगों ने भी बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की।

जनता द्वारा समर्थित उम्मीदवार को ही तोशाम हलके की टिकट दे कांग्रेस :कमल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को चाहिए कि तोशाम हल्के की टिकट ऐसे व्यक्ति को दी जाए जो जनता द्वारा समर्थित हो। कांग्रेस यह ध्यान रखे कि टिकट ऐसे व्यक्ति को न मिले जो राजनीतिक द्वेष की भावना रखता हो या फिर कोई पैराशूट से तोशाम में अपना उल्लू सीधा करने आया हो। उक्त शब्द युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने मंगलवार को तोशाम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान कहे। कमल प्रधान ने कहा कि तोशाम सीट हॉट सीट बन चुकी है और यहां से ऐसे व्यक्ति अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं जो आज तक कभी जनता के बीच नहीं रहे और अब अपने पारिवारिक द्वेष की भावना से तोशाम को अपनी जागीर समझ बैठे हैं। अब यह फैसला कांग्रेस हाईकमान को करना है कि टिकट जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही दी जाए। कमल सिंह प्रधान ने सोमवार को तोशाम हल्के के कोहाड़, बजीना, ढाणी माहू, निगाना कलां, निगाना खुर्द, दुलहेड़ी, आलमपुरए थिलोड आदि गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ रमेश कोहाड़,मोनू बजीना, अमित तंवर बजीना, मुकेश शर्मा ढाणी माहू, अनिल शेषमां रहे।

भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों से बातचीत करते हुए।

बौंद जल सेवाएं मंडल भिवानी ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

भिवानी। बौंद जल सेवाएं मंडल भिवानी द्वारा कार्यकारी अभियंता गौरव लंबा की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान भी किया। पौधारोपण करते हुए अभियंता गौरव लांबा ने कहा की वातावरण के संतुलन के लिए जल और वायु का संतुलन बहुत जरुरी है और जो केवल वृक्षारोपण एवं पानी को संरक्षित करके किया जा सकता है। इस बार हमने लगभग 3000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकार क्षेत्र में भिवानीए चरखी दादरी व बोंद में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

छोटी काशी होगी शिवभक्ति में सराबोर

शिव महापुराण कथा महोत्सव 25 से, कलश यात्रा से शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी कांशी के नाम से विख्यात भिवानी के लोग के लोग धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में ना केवल विशेष रूचि रखते है,बल्कि बढ़.चढक़र सेवा भाव से कार्य भी करते है। इस कड़ी में अब 25 जुलाई से 2 अगस्त रोहतक गेट स्थित राजपूत धर्मशाला में शिव महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंगलवार को दादरी गेट स्थित हाऊसिंग बोर्ड में श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया तथा महोत्सव को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से आचार्य गौरव दीक्षित पहुंचे तथा अध्यक्षता श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सीमा बंसल ने की। इस मौके पर सीमा बंसल ने बताया कि 25 जुलाई को कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कलश यात्रा जोगीवाला मंदिर से शाम 4 बजे शुरू होकर राजपूत धर्मशाला पर संपन्न होगी। सीमा बंसल ने बताया कि कलश यात्रा में 501 महिलाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि इस शिव महापुरण कथा महोत्सव में सवा लाख पार्थिक शिवलिंग निर्माण,रूद्राक्ष वितरण एवं निःशुल्क कालसर्प दोष निवारण रूद्र महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 दिनों तक सवा लाख शिवलिंग निर्मित किए जाएंगे व अंतिम दिन इनकी पजा की जाएगी। सीमा बंसल ने बताया कि कथा महोत्सव में सान्निध्य जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ व हनुमान जोहड़ी मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास का रहेगा। इस अवसर पर सीमा बंसल, स्नेहा बंसल, नीतू बंसल, उमेद बसल, कुंवरपाल, पवन बुवानीवाला, सुरेश कागची, कांता बंसल, सुरेखा बंसल श्रद्धालु रहे।

- शिव महापुराण कथा महोत्सव के शुभारंभ पर कलश यात्रा में 501 महिलाएं होंगी शामिल

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सीएम व अन्य(फाइल फोटो)

किसान व संविधान को बचाने के लिए भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाना: अशोक

भिवानी। रोहतक रोड़ स्थित ओम रिजोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौ. उदयभान की अध्यक्षता में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को ऐतिहासिक तौर पर सफल बनाने पर हरियाणा कांग्रेस सेवा दल के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कादियान ने कार्यकर्ताओं व आमजन का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की बढ़ती लोकप्रियता के चलते एक कार्यकर्ता सम्मेलन ने बड़ी रैली का रूप ले लिया। जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में एक बार फि र से कांग्रेस की सरकार देखना चाहती है। कादियान ने कहा कि किसान व संविधान को बचाने के लिए प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनानी बहुत जरूरी है। क्योंकि भाजपा के शासनकाल में आज प्रदेश का प्रत्येक वर्ग किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। न्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब ऐसे झूठे व बरगलाऊ नेताओं को प्रदेश की बागड़ौर नहीं सौंपना चाहते है तथा हरियाणा प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुके है।

पूर्व डीईओ जयप्रकाश सभ्रवाल सर्मथकों संग कांग्रेस में शामिल

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर किया सममानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश सभ्रवाल ने अपने साथियों सहित गत दिवस आयोजित कांग्रेस कार्यकर्त्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भान के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि जयप्रकाश सभ्रवाल को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। जयप्रकाश सभ्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है,जिसमें सभी वर्गोंर् को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। दलितों व पिछड़ा वर्ग के लिए कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान अनेक योजनाएं लागू कीए जिन्हें प्रदेश की जनता आज भी याद करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग को ठगने का काम किया है।

भिवानी। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते जेपी सभ्रवाल।

भिवानी। प्रचार व प्रसार करते विभाग की टीम।

भजन मंडलियां विशेष प्रचार अभियान के तहत दे रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

भिवानी। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाकर सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार कर रही है। इस दौरान विभागीय तथा सूचीबद्ध भजन मंडलियां गांवों में जाकर लोकगीतों के जरिए आमजन तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं व नीतियों को पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप हुड्डा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ के दिशा.निर्देशों अनुसार इस अभियान के तहत जिला के सभी गांवों को कवर करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यालय से मिले निर्देश अनुसार विभाग के भजन पार्टी लीडर दलबीर सिंह के नेतृत्व में कलाकार सदस्य राजेश, नरेश, फूल सिंह व सुंदर लाल ने गांव प्रहलादगढ़, नीमड़ीवाली व गोविंदपुरा में लोकगीतों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्य व नीतियों का प्रचार किया। लोक गीतों के माध्यम से हैप्पी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पोषण आहार, के लिए चलाई जा रही योजनाओं बारे में जानकारी दी।

11 जुलाई की तैयारी के लिए आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर ने बैठक कर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- हैल्पर से वर्कर व वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति न करने से है रोष

भिवानी जिले की आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन 1442 की वर्कर और हेल्पर ने 11 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन और मांग दिवस के बारे में मीटिंग ली जिसमें यूनियन प्रधान राजबाला निनान ने प्रधानमंत्री द्वारा 2018 में दिवाली के तोहफे के रूप में की गई झूठी घोषणा 1500 और 750 रुपए बढ़ाने के बारे में प्रधानमंत्री की निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्करो के साथ छल किया गया है। आज आंगनवाड़ी वर्कर से इतना काम लिया जा रहा है कि अगर उसका न्यूनतम मानदेय 26000 भी हो तो वह भी कम है। हैल्पर से वर्कर व वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति न करने से रोष है। वर्करों से ऑनलाइन काम के रूप में क्त्रीड का, मोबाइल वेरिफिकेशन का, जन्म तिथि वेरिफिकेशन का , चउउअल के फॉर्म ऑनलाइन एतथा बीएलओ में ऑनलाइन का काम करवाया जाता है। मोबाइल वेरिफिकेशन में तो लाभार्थियों के मोबाइल नंबर से लेकर उनका वेरिफिकेशन करते हैं, जिससे लाभार्थियों में फ्रॉड का डर बना हुआ है। यूनियन की सचिव राजबाला शर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी में लाभार्थियों को दिए जाने वाला ईंधन का खर्च भी डेढ़ साल से सरकार नहीं दे रही है ।जिससे वर्कर अपने पास से पैसे लगाकर लाभार्थियों को पका हुआ राशन बना कर दे रही है ।आजकल इस महंगाई के जमाने में सिलेंडर और सब्जी का खर्च वर्कर उठाने में असमर्थ है । आंगनबाड़ी केंद्रों में लाभार्थियों को दिया जाने वाले राशन के नाम पर सिर्फ़ गेहूं और चावल हैं।मीनू के अनुसार राशन दिया जाए आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर में कई वर्कर तो एकल महिलाएं हैं । आंगनवाड़ी में स्वयं सहायता समूह को भी सरकार द्वारा हटा दिया गया उनके रोजगार को भी सरकार ने छीन लिया।

आयोजन | जूलॉजी विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन पर आयोजित वर्कशॉप का हुआ आयोजन

मधुमक्खी पालन से स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दें युवा : दीप्ति धर्माणी

यूनिवर्सिटी में शीघ्र ही 25 स्टार्टअप प्रारंभ किए जायेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मधु मक्खी पालन एक अच्छा व्यवसाय है। युवा मधु मक्खी पालन से स्वरोजगार और रोजगार सृजन कर स्बावलंबी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के सहभागी बनाना चाहिए ये विचार कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा मधु मक्खी पालन पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि युवाओं को संबोधित करते हुए कहे । उन्होंने कहा कि हम मधु मक्खी पालन कर अपनी आय बढ़ाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण के सहभागी भी बन सकते हैं।उन्होंने बताया कि मधु मक्खी पालन से स्वरोजगार के साथ साथ अन्य लोगों के लिए रोजगार सृजन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय फलदार,छायादार एवं फूलदार पौधो को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में शीघ्र ही 25 स्टार्टअप प्रारंभ किए जायेंगे ताकि डीएसटी के प्रावधान अनुरूप सरकार से सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि दूसरों को नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक फलदार,छायादार के साथ फूलदार पौधे विश्वविद्यालय में लगाने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह ने कहा कि हम शहद उत्पादन से अपनी आय में काफी वृद्धि कर अपना स्वरोजगार चला सकते हैं।उन्होंने इस कार्यशाला को बहुत उपयोगी बताया । बतौर वक्ता शेर ए कश्मीर विश्वविद्यालय के कीट वैज्ञानिक डॉ डीपी अब्रोल तथा पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी लुधियाना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ जसपाल सिंह ने युवाओं को मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन के साथ इसके अन्य उत्पादों पर विस्तृत जानकारी के साथ उनको प्रैक्टिकल नॉलेज भी दी । डीन लाइफ साइंसेज प्रो संजीव कुमार ने कहा कि मधुमक्खी हमें जीवन में बहुत कुछ सिखाती है। यह हमें आपसी सौहार्द एवं भाई चारे का संदेश देती हैं।

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

खबर संक्षेप

पुरस्कार के लिए 31 तक करें नामांकन

चरखी दादरी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी खेलकूद सोशल साइंस विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

आईटीआई में रोजगार मेला 12 जुलाई को

भिवानी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 12 जुलाई को प्रातः9 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में कैरियर ग्लोबल प्राइवेट लि. व वीवीडीएन टेक्नोलॉजी लि. मानेसर भाग लेंगी। उन्होंने बताया सभी व्यवसायों के हरियाणा राज्य में स्थित आईटीआई पास विद्यार्थी, जिसकी आयु 18 से 28 वर्ष तक है वे इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। संस्थान में प्रत्येक महीने रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है ताकि आईटीआई पास विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार दिलवाया जा सकें।

खेत में लगा सोलर पंप का सामान चोरी

बवानीखेड़ा। गांव सिप्पर में किसान के खेत से सोलर पंप का स्टाट्रर चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस में दी शिकायत में नंदलाल ने बताया कि उसकी सिपर में जमीन है और 12 जून को अज्ञात व्यक्ति ने खेत में से सोलर पंप का स्टाटर चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मायके आई 22 वर्षीय युवती लापता, केस दर्ज

बाढ़ड़ा। पालड़ी में अपने मायके आई हुई 22 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस को दी शिकायत में पालड़ी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी लड़की की शादी साल 2017 में झज्जर जिले के एक गांव में की थी। उसने बताया कि उसके लड़की के दो बच्चे हैं। उसने बताया कि बीते पांच जुलाई को कुछ दिनों के लिए उसकी बेटी अपने मायके आई थी। 8 जुलाई को वह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने अपने रिश्तेदारियों व दूसरे स्थानों पर उसकी काफी तलाश कर ली लेकिन अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। उसने पुलिस को शिकायत देकर उसकी तलाश करने की गुहार लगाई है। जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

7 दिन में सिर्फ आधे ही छात्रों की ऑनलाइन फीस जमा हुई

सबसे बुरी स्थिति कॉमर्स और सांइस संकाय की, दो को प्रोविजनल दाखिला सूची हुई थी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भले ही हायर एजुकेशन विभाग ने हायर एजुकेशन पाने वाले विद्यार्थियों के लिए कॉलेजों में दाखिले के लिए सीटें में बढ़ोतरी कर दी हो,लेकिन उनको अभी भी रास नहीं आ रही है। मैरिट सूची जारी होने के करीब एक सप्ताह तक का समय दिए जाने के बाद मंगलवार को आधे से भी कम विद्यार्थियों ने पोर्टल पर फीस जमा करवाई है। सबसे बुरी स्थिति कॉमर्स व सांइस संकाय की बनी है। इनमें तो किसी संकाय में 20 फीसदी तो किसी संकाय में 25 फीसदी विद्यार्थियों ने फीस जमा करके अपना दाखिला पक्का किया है। अगर यही स्थिति रही तो हायर एजुकेशन विभाग को कई कॉलेजों से सीटों में कटौती करनी पड़ सकती है। हालांकि अभी दूसरी सूची जारी होने तथा उसके बाद मैनुअल दाखिला होने की प्रक्रिया बाकी है,लेकिन कॉलेजों में दाखिला लेने वालों की स्थिति इसी तरह की रही तो अनेक कॉलेजों में दाखिले की सीटें खाली रह जाएंगी।

यहां यह बताते चले कि हायर एजुकेशन विभाग द्वारा दो जुलाई को प्रोविजनल दाखिला सूची जारी की थी। उसके अगले दिन पहली दाखिला सूची जारी की गई। जिसमें सभी कॉलेजों में सीटों के हिसाब से बच्चों के नामों की सूची जारी हुई। सूची जारी करने के बाद हायर एजुकेशन विभाग ने नौ जुलाई तक ऑन लाइन फीस जमा करवाने के निर्देश दिए गए थे। एक सप्ताह का समय दिए जाने के बावजूद भी आधे से कम विद्यार्थियों ने ऑन लाइन फीस जमा करवाई। शहर के सबसे बड़े कॉलेज वैश्य कॉलेज में बच्चों द्वारा जमा करवाई गई फीस पर नजर दौड़ाई जाए तो किसी संकाय में 40 तो किसी संकाय में 20 फीसदी ही बच्चों ने फीस जमा करवाई है। वैश्य कॉलेज में बीए क्लास में पहली सूची में 567 बच्चों को जगह मिली थी,लेकिन फीस जमा करवाने के अंतिम दिन केवल 237 बच्चों ने ही फीस जमा करवाई। इसी तरह सांयकाल की बीए के लिए 57 बच्चों को पहली सूची में जगह मिली,लकिन उक्त क्लास में दाखिले के लिए केवल 10 बच्चों ने ही फीस जमा करवाई। इसी तरह बीकॉम में 90 में से 48, बीकॉम एसएफएस में 22 में से दस, बीएससी लाइफ साइंस में 55 में से 22 विद्यार्थियों ने ऑन लाइन फीस जमा करवाकर अपना दाखिला पक्का किया है। इसी तरह एक अन्य महिला कॉलेज में पहली सूची में 431 छात्राओं के नामों को जगह मिली थी,लेकिन उनमें से केवल 249 छात्राओं ने ही फीस जमा करवाई है। इसी तरह बीएससी लाइफ सांइस में 38 में से 18, फिजिकल में 32 में से 22, बीसीए में 59 में से 37 विद्यार्थियों ने अपनी फीस जमा करवाई है। इसी तरह लोहारू के चौ. बंसीलाल राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में कला संकाय में 540 सीटों पर केवल 183, वाणिज्य में 80 सीटों पर 13, विज्ञान संकाय नॉन मेडिकल में 80 सीटों पर 35 तथा विज्ञान संकाय मेडिकल में 40 सीटों पर केवल 23 विद्यार्थी फीस जमा करवाने के लिए आगे आए है। यहां यह बताते चले कि जो विद्यार्थी ऑन लाइन फीस जमा करवाएगा। उसी बच्चे का दाखिला पक्का माना जाएगा। साथ ही जिन विद्यार्थियों का नाम पहली सूची में आ गया और फीस जमा नहीं करवाया तो आज के बाद वह सीट खाली मानी जाएगी।

सीयूईटी के रिजल्ट का इंतजार

माना जा रहा जिन बच्चों ने बारहवीं की परीक्षा पास की है। उन बच्चों को सीयूईटी(कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्ररेस टेस्ट) दिया है। वे बच्चे उक्त टेस्ट के रिजल्ट का इंतजार कर रहे है। साथ ही इन बच्चों ने कॉलेजों में दाखिला के लिए पंजीकरण कर दिया और उनका नम्बर पहली सूची में पड़ गया। फिलहाल वे सीयूईटी टेस्ट के जरिए किसी विश्वविद्यालय में दाखिला पाने के इच्छुक है। ऐसे में जब तक सीयूईटी का रिजल्ट नहीं आ जाता। तब तक वे दाखिला को लेकर कोई निर्णय नहीं ले पा रहे है।

141 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई

बवानी खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय की सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया करवाने की अंतिम तिथि को कम रुझान देखने को मिला। फीस के अंतिम दिन बीए की 240 सीटों में से 182 आवेदनों में से 141 ने फीस जमा करवाई, वहीं वाणिज्य की 80 सीटों में से 8 आवेदनों में केवल 2 ने ही फीस जमा करवाई वहीं विज्ञान संकाय की 40 सीटों में से 31 ने आवेदन कर 21 ने फीस जमा कराई। हालांकि स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र व पीजीडीसीए की 40.40 सीटों के लिए 12 जुलाई को मौका मिलेगा।

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल में निजी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर में उपस्थित सुरेश ओड व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में शिविर का आयोजन, 28 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के नागरिक अस्पताल में निजी संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश ओड ने किया। इस रक्तदान शिविर में धर्मेन्द्र बल्हारा, प्रेम ओड, अक्षय बल्हारा, सचिन वर्मा, विपिन हांडा, जोगेन्द्र, विनित तवंर,एमओ विपुल कुमार, सुभाष कुमारी,प्रदीप कुमार, सुंदर अत्री, रिंकू आदि ने अपनी अहम भूमिका अदा की। भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश ओड ने बताया कि कस्बा की विभिन्न संस्थाओं द्वारा समय समय पर ऐसे कार्यक्त्रमों का आयोजन कराया जाता है ताकि आमजन को इसकी जरूरत पड़ने पर लाभ मिल सके। क्योंकि रक्तदान महादान है और इसकी जरूरत पड़ने पर संस्थाओं के माध्यम से एकत्रित रक्तदान को जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। वहीं एमओ विपुल कुमार ने भी संस्थाओं के ऐसे कार्य की सराहना की।

विज्ञान के पेपर में 6 नकलची पकड़े

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सेकेंडरी शैक्षिक विज्ञान की परीक्षा में प्रदेशभर में कुछ केन्द्रों पर नकल के कुल 06 मामले दर्ज किए गए । बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उनके उडनदस्ते द्वारा जिला.हिसार के परीक्षा केन्द्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार.08 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुचित साधन प्रयोग का एक मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड सचिव के उडनदस्ते द्वारा जिला नूंह के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां नकल का 01 केस पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उप.सचिव ;संचालनद्ध के उडनदस्ते द्वारा जिला.रोहतक के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी। डॉ. यादव ने बताया कि जिला प्रश्न पत्र उडनदस्ता, हिसार द्वारा 02 तथा रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा जिला पलवल में 02 अनुचित साधन प्रयोग का केस दर्ज किए गए।

विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह 25 अगस्त को

भिवानी। पतराम गेट स्थित अजमीढ़ भवन में स्वर्णकार सेवा परिषद भिवानी की आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वर्णकार सेवा परिषद भिवानी के प्रधान हरिचरण वर्मा ने की। इस दौरान समाज की प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह किए जाने का फैसला लिया गया। स्वर्णकार सेवा परिषद भिवानी के महासचिव अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने बताया कि स्वर्णकार सेवा परिषद हर वर्ष 10वी, 12वी कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक तथा स्नातक व स्नातकोतर में 65 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले जिला के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह सम्मान समारोह 25 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। अधिवक्ता कुलदीप सोनी ने बताया कि सम्मान समारोह में जिलेभर के मेधावी छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। सम्मान समारोह के माध्यम से प्रतिभाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है तथा उनकी प्रतिभा को पंख भी मिलते है, जिससे वे भविष्य में और लग्न एवं मेहनत से समाज व राष्ट्र की तरक्की में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए प्रोत्साहित होते है।

कुकर्मी को उम्र कैद व 50000 रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अदालत ने एक नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म करने के आरोपी को उम्र कैद व 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2023 में थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें नाबालिक बच्चे के पिता ने शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें आरोपी के द्वारा बच्चे को पता पूछने के बहाने अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में अभियोग दर्ज किया गया था।

थाना बवानी खेड़ा पुलिस के द्वारा बिना किसी विलंब के अभियोग अंकित किया गया। इसके बाद नाबालिग के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाए गए तथा जांच इकाई के द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। जो न्यायालय ने अभियोग में सुनवाई करते हुए 'आरोपी असलम पुत्र विजेंद्र निवासी रोहनात भिवानी को उम्र कैद की सजा सुनाई व कुल 50000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।' जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पड़ेगी।

अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

गांव गोपी के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर.ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। घायल को बाढ़ड़ा में एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भिवानी ले जाया गया है वहीं मृतक के शव को चरखी दादरी सिविल अस्पताल ले जाया गया है जहां पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। सूचना मिलने पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

मंगलवार को जुई.बाढ़ड़ा सड़कमार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली जुई की ओर से बाढ़ड़ा की ओर जा रहा था। जिसमें बोरवेल करने के लिए लोहे के पाईप भरे हुए थे। गांव गोपी के समीप अनियंत्रित होने के कारण ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर पलट गई। जिसके कारण ट्रैक्टर सवार काकड़ौली हुकमी निवासी मनोज व प्रवीण को गंभीर चोटें लगी। इस दौरान वाहनों की वहां वाहनों की लंबी लाइन लग गई और काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। राहगिरों ने घायलों को कड़ी मशक्कत से नीचे से निकाला और बाढ़ड़ा के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए चरखी दादरी के सिविल अस्पताल ले जाया गया । मनोज हरियाणा रोडवेज में बतौर कंडक्टर तैनात था व लोहारू सब डिपो कर्मचारी यूनियन का प्रधान भी था। वहीं घायल प्रवीन को प्राथमिक उपचार के बाद भिवानी ले जाया गया । सूचना मिलने पर बाढ़ड़ा थाना प्रभारी तेजपाल टीम सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस चरखी दादरी के सिविल अस्पताल पहुंची है जहां परिजनों के बयान दर्ज शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक मनोज के चचेरे भाई अंकुर ने बताया कि मनोज दवाई लेने के लिए बाढ़ड़ा जा रहा था। वह गांव काकड़ौली हुक्मी के बस अड्डे से ट्रैक्टर में सवार हुआ था। वह जिस ट्रैक्टर में सवार हुआ था उसके पीछे ट्रॉली में लोहे के पाइप भरे हुए थे।

डॉ. अलका शर्मा को मिला वैश्विक साहित्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- 7 जुलाई को भोपाल में आयोजित 51वें वार्षिकोत्सव में मिला सम्मान

हिंदी साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां अपने नाम करने वाली पूर्व प्राचार्या एवं वरिष्ठ कवयित्री डा. अलका शर्मा को वैश्विक साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 7 जुलाई को भोपाल में आयोजित 51वें वार्षिकोत्सव सह साहित्योत्सव कार्यक्रम निर्दलीय के दौरान मिला।

इस कार्यक्रम में बतौ मुख्यातिथि पदमश्री विभूषित व माधवराव सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने शिरकत की थी। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में देश.विदेश भर में खासा नाम कमा चुके प्रतिभाशाली साहित्यकारों ने भाग लिया था। जिसमें भिवानी निवासी वरिष्ठ कवियित्री डा. अलका शर्मा को भी वैश्विक साहित्य सम्मान मिलनाए भिवानीवासियों के लिए गर्व का विषय है।

इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्व प्राचार्या एवं वरिष्ठ कवियित्री डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि इस सम्मान के लिए कार्यक्रम के आयोजकों व अन्य अतिथिगणों का आभार जताती हैं। उन्होंने उनका उद्देश्य साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका व उनमें छिपे सार से आमजन को भी रुबरू कराना है।

विधायक की अगुवाई में डेंटल चिकित्सकों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी। सीएम से मुलाकात करने जाते विधायक सर्राफ व डेंटल चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को विधायक घनश्याम सर्राफ की अगुवाई में डेंटल चिकित्सकों का प्रतिनिधिमंडल सीएम नायब सैनी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उनकी लंबित मांग पूरी करने की गुजारिश की। जिस पर सीएम नायब सैनी ने उनकी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सीएम को मांगपत्र के माध्यम से बताया कि हरियाणा सरकार के पैनल में शामिल डेंटल अस्पतालों को सरकार की कैशलैश मेडिकल योजना में शामिल किया जाए। ताकि लोगों को सरकार की इस योजना का फायदा मिलता रहे। इनके अलावा फिक्सड मेडिकल अलाउंस का समर्पण नीति पर पुनर्विचार का अनुरोध करते हैं जो लाभार्थियों को डेंटल उपचार लाभ प्राप्त करने के लिए अपने फि क्स्ड मेडिकल अलाउंस को समर्पित करने और दो साल के लिए ओपन मेडिकल अलाउंस में स्विच करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि इससे महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न होती हैं। वे उन प्रक्त्रियाओं के लिए उपचार प्रदान करने के लिए डेंटल अस्पतालों की मंजूरी गुजारिश करते हैं जो पैकेजों में शामिल नहीं हैं, निर्दिष्ट दरों पर, ताकि सभी डेंटल आवश्यकताओं के लिए उ च गुणवत्ता वाली डेंटल देखभाल सुनिश्चित की जा सके। सीएम नायब सैनी ने उनकी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। विधायक घनश्याम सर्राफ ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया।

चोर ले गए हजारों की नकदी और जेवरात

बहल। गोपालवास गांव निवासी व्यक्ति के घर से रात को चोरों ने लाखों रुपये कीमत के जेवरात व नगदी चुरा ली। वारदात के समय परिवार के लोग छत पर सोए हुए थे। सुबह होने पर जब वे नीचे आए तब चोरी का तब पता चल सका। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गोपालवास निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार को चलाता है। रविवार की रात को वह अपने परिवार सहित घर की छत पर सोया हुआ था। सुबह उठने के बाद जब वह घर में आया तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर के एक कमरे में से साढे तीन से चार ग्राम का एक हनुमान सोने का लॉकेट,करीब दो ग्राम की एक लेडिज अंगूठी, डेढ ग्राम की एक तबीजी, पांच ग्राम चांदी का सिक्का, दो कुंडल गायब मिले। जबकि दूसरे कमरे में एक संदूख में रखे तीन से चार ग्राम के दो मंगलसूत्र के अलावा तीन से चार हजार रुपये नगदी चोरी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

8 दिन से क्रैशरों पर नहीं पहुंचा पत्थर, ट्रक यूनियन ने शुरू किया सांकेतिक धरना

खानक पहाड़ में ओवरलोड को लेकर नहीं सुलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

खानक पहाड़ में चल रहे ओवरलोड को लेकर मामला सुलझ नहीं रहा है। पिछले आठ दिनों से क्त्रेशरों पर पत्थर नहीं पहुंच रहा। जिसके कारण भवन सामग्री के भावों में भी 20 से 30 रुपये प्रति टन के हिसाब से उछाल आया गया है। वहीं ट्रक यूनियन मंगलवार से ओवरलोड के विरोध में सांकेतिक धरना शुरू कर दिया है। एसडीएम कार्य की अधिकता के कारण सोमवार खनन क्षेत्र का दौरा नहीं कर पाए जो कि मंगलवार को दौरा कर किया जाएगा। ओवरलोड को लेकर पिछले क़रीबन डेढ़ माह से ट्रक यूनियन विरोध कर रही है। जिसको लेकर एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। ट्रक यूनियन के लोगों का कहना है कि एचएसआईआईडीसी जबरदस्ती ओवरलोड चलाया जा रहा है। ट्रक यूनियन इसका विरोध कर रही है। फिर एचएसआईआईडीसी के अधिकारी हठधर्मिता किए हुए है। ट्रक यूनियन का कहना है कि पहाड़ की 4 सौ फ ीट के ज्यादा ऊँचाई है। इतनी ऊंचाई से ओवरलोड भरकर नीचे आने पर बहुत ज्यादा खतरा होता है। ओवरलोड होने पर गाड़ियां ब्रेक कम पकड़ती है जिसके कारण हादसा होने का भय होता है। इसके कारण वे ओवरलोड नहीं भर रहे। ओवरलोड़ के विरोध बंद के कारण दूसरे लोगों को भी नुकसान हो रहा है। जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो भवन सामग्री भी तेज हो जाएगी। ओवरलोड़ के विरोध में पिछले आठ दिन से बन्द पड़े कांटो के कारण क्त्रेशरों पर पत्थर नहीं जा रहा है। जिसके कारण भवन सामग्री के भाव मे उछाल आना शुरू हो गया है। पहले भवन सामग्री का भाव 680 रूपये टन था जो अब 710 रूपये के करीब हो गया है। जल्द ही ओवरलोड का जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो भवन सामग्री के भाव 8 सौ रुपये प्रति टन से ज्यादा हो जाएंगे।

क्या कहते हैं अधिकारी

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने बताया कि कार्य की अधिकता के कारण आज खनन क्षेत्र का दौरा नहीं कर पाए। ओवरलोड के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाकर चालान काटे जाएंगे। खनन विभाग व थाना प्रभारी को पत्र भेज दिया है बुधवार को खनन क्षेत्र का दौरा टीम के साथ किया जाएगा।